

# कंटेनर ने बैरियर तोड़ा, 3 घंटे तक जाम

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 7 सितम्बर।** शहर में हैवी वाहनों की आवाजाही रोकने के लिए लगाए गए बैरियर एक बार फिर नाकाम साबित हुए। रविवार तड़के करीब 4 बजे लश्कर रोड से आ रहे एक कंटेनर ने बस स्टैंड के पास लगे बैरियर को जोरदार टक्कर मारकर तोड़ दिया।

**सुरक्षा पर उठे सवाल, चेतावनी संकेत न होने से हादसों का खतरा बढ़ा**

टक्कर इतनी तेज थी कि बैरियर उखड़कर सड़क पर गिर गया और करीब तीन घंटे तक यातायात बाधित रहा। सुबह 7 बजे नगर पालिका की टीम ने बैरियर हटवाकर सड़क को खाली कराया, तब जाकर ट्रैफिक सामान्य हो सका।



**तीसरी बड़ी घटना, सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल :** नगर पालिका ने शहर में हैवी वाहनों को रोकने के लिए बैरियर लगाए थे। शुरुआत में उनकी ऊंचाई अधिक थी, जिससे ट्रक और कंटेनर आसानी से निकल जाते थे। भास्कर द्वारा मुद्दा उठाए जाने पर ऊंचाई कम की गई, लेकिन चेतावनी बोर्ड और रिफ्लेक्टर न होने से चालक बैरियर तक पहुंच जाते हैं और फिर निकलने की कोशिश में उसे तोड़ देते हैं। यह तीसरी बार है जब बैरियर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ है।

**हादसों का खतरा लगातार बढ़ रहा**

बैरियर टूटने के बाद शहर में हैवी वाहनों की आवाजाही रात में शुरू हो जाती है। कंटेनर और ट्रक तेज रफ्तार से निकलते हैं, जिससे छोटे वाहनों और पैदल यात्रियों के लिए खतरा बढ़ जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि बस स्टैंड और कोतवाली के पास स्थायी बैरिकेडिंग जरूरी है, ताकि ऐसे वाहनों को बाईपास से बाहर निकाला जा सके। ट्रैफिक थाना प्रभारी राघवेंद्र भार्गव ने बताया कि अज्ञात कंटेनर चालक ने बैरियर तोड़ा है। नगर पालिका को पत्र लिखकर बैरियर दोबारा लगाने और पुख्ता इंतजाम करने की मांग की जाएगी। साथ ही रात के समय हैवी वाहनों की एंट्री रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# कलेक्टर ने खाद विक्रेताओं की दुकानों का किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 7 सितम्बर।** कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने रविवार को क्षेत्र में स्थित निजी उर्वरक विक्रेताओं की दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खाद वितरण व्यवस्था एवं खाद की उपलब्धता के बारे में विस्तृत जानकारी ली।

**खाद की उपलब्धता जांची**

कलेक्टर ने दुकानों पर मौजूद स्टॉक का विवरण देखा और सुनिश्चित किया कि किसानों को समय पर आवश्यक मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की कालाबाजारी, जमाखोरी या अधिक मूल्य वसूली की शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही कलेक्टर ने निजी विक्रेताओं के खाद गोदामों का भी अवलोकन किया, जहां स्टॉक की स्थिति और सुरक्षा मानकों की जांच की गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि खाद वितरण की निगरानी लगातार की जाए ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। कलेक्टर ने यह भी कहा कि किसानों की मांग के अनुसार समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त स्टॉक की व्यवस्था भी की जाएगी।



# पर्यूषण पर्व का हुआ समापन



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 7 सितम्बर।** जैन समाज के आठ दिवसीय पर्यूषण पर्व का समापन रविवार को धार्मिक उत्साह और आस्था के साथ हुआ। यह पर्व संयम, साधना और आत्मशुद्धि का प्रतीक माना जाता है।

अंतिम दिन रत्नात्रय धारियों ने कठोर व्रत और तपस्या का पालन करते हुए दिन व्यतीत किया। रविवार को बद्री प्रसाद बगिया में आयोजित धर्मसभा में जैन संतों ने जीवन में अहिंसा, संयम और क्षमा की महत्ता पर प्रकाश डाला। संतों ने कहा कि जीवन में क्षमा ही सर्वोत्तम धर्म है। क्षमा मांगना और देना दोनों ही आत्मा को पवित्र करते हैं। सोमवार को क्षमावाणी पर्व बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर शहर में श्रीजी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

शोभायात्रा में श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे, हाथी-घोड़ों, बैंड-बाजे और आकर्षक झांकियों से इसे सजाया जाएगा। जैन समाज के श्रद्धालु सोमवार को सुबह से ही क्षमावाणी पर्व पर मंदिरों में दर्शन के लिए पहुंचेंगे। इस दौरान नगर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहेगा।

# शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 7 सितम्बर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी की सुरक्षा को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह भदौरिया उर्फ पिंकी ने आरोप लगाया है कि भाजपा सरकार की लापरवाही और साजिश के कारण कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष की जान को खतरा है।



शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष भदौरिया ने बताया कि कल देर रात जीतू पटवारी के भोपाल स्थित 74 बंगले के निवास पर हथियारबंद बदमाशों ने डकैती का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि अगर उस समय पटवारी जी घर पर मौजूद होते, तो उनकी जान को गंभीर खतरा हो सकता था।

**कांग्रेस का भाजपा सरकार पर हमला :** कांग्रेस नेता ने कहा कि मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के सबसे सुरक्षित इलाकों में से एक 74 बंगले क्षेत्र में इस तरह की घटना होना सरकार और पुलिस तंत्र की नाकामी को दर्शाता है। भदौरिया ने तंज कसते हुए कहा कि जब जनप्रतिनिधियों और मंत्रियों के बंगलों की सुरक्षा इतनी लचर है कि हथियारबंद बदमाश कभी भी वारदात कर सकते हैं, तो आम जनता का क्या हाल होगा? यह स्थिति बताती है कि प्रदेश में मुख्यमंत्री मोहन सिंह की सरकार नहीं, बल्कि अंधेर नगरी चौपट राजा की सरकार है।

**भाजपा पटवारी से डरी हुई है :** भदौरिया ने कहा कि जीतू पटवारी लगातार जनहित के मुद्दे उठा रहे हैं और वोट चोरी सत्याग्रह के माध्यम से जनता को जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा उनकी बढ़ती लोकप्रियता से घबरा गई है और अब उनकी जान से खिलवाड़ कर रही है। अगर ऐसी घटनाएं जारी रहीं, तो किसी भी समय उनके साथ अनहोनी हो सकती है। भदौरिया ने याद दिलाया कि इससे पहले भी रतलाम जाते समय पटवारी की गाड़ी पर हमला किया गया था, जिसमें गाड़ी के शीशे तोड़ दिए गए थे।

**कांग्रेस की मांग पर्याप्त सुरक्षा दी जाए :** कांग्रेस ने भाजपा सरकार से मांग की है कि जीतू पटवारी को तुरंत पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। भदौरिया ने कहा कि अगर उनकी सुरक्षा में कोई चूक हुई और अनहोनी घटित हुई, तो इसका पूरा जिम्मा भाजपा सरकार का होगा।





# भागवत कथा में शामिल होने केंद्रीय मंत्री को दिया आमंत्रण

**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 7 सितम्बर।** आज मध्य प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला जी के द्वारा वृंदावन धाम में होने वाली श्रीमद् भागवत कथा जो साध्वी सरस्वती दीदी के श्री मुख से हमारे ऑपरेशन सिंदूर में शहीद होने वाले सैनिकों की और पुलवामा में आतंकी हमले में मारे गए देश के परिवार के सदस्यों की पुण्य आत्मा को बैकुंठ धाम में शांति के लिए पित्र पक्ष में कराई जा रही है।

**पुलवामा के आतंकी हमले में शहीद सैनिकों की आत्मा की शांति के लिए चल रही कथा**

मंत्री शुक्ला ने बताया की हाल ही में पुलवामा में हमारे निर्दोष परिवारों की हत्या की गई इसके बाद हमारे सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर कर आतंकवाद को करारा जवाब देते हुए पूरे विश्व में भारत का सम्मान रखा आज मेरे द्वारा पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को इस का आमंत्रण देते हुए उनसे आग्रह किया गया है कि आपके आने से हम सभी कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ेगा इसी निवृत्ति केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी को आमंत्रण देते हुए कथा में आने का सहृदय आमंत्रण दिया।





# ब्लॉक स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 7 सितम्बर।** शिक्षा विभाग एवं एसआरएफ फाउंडेशन भिण्ड के सहयोग से ब्लॉक स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन शारदा गार्डन, बैंक्विट हॉल में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा लाल सिंह आर्य एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में एसडीएम गोहद राजन नाडिया तथा एसडीओपी गोहद महेंद्र गौतम उपस्थित रहे।

समारोह की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुई। इसके पश्चात बीआरसीसी विजय शर्मा ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी, एसआरएफ फाउंडेशन चैनसिंह किरार ने संस्था द्वारा शिक्षा एवं सामाजिक विकास के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों से अवगत करवाया गया। समारोह के दौरान गतवर्ष विद्यालय विकास, नवाचार एवं छात्र हित में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों के साथ साथ ब्लॉक के सेवानिवृत्त वरिष्ठ शिक्षकों को भी एसआरएफ फाउंडेशन के द्वारा लालसिंह आर्य के माध्यम से शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि लालसिंह आर्य ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक ही समाज का आधार है इसलिए बच्चों को ईमानदारी व निष्ठा के साथ शिक्षा देते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान देने हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने विद्यालयों की समस्याओं जैसे कक्षाओं का अभाव, बाउंड्री वॉल एवं फर्नीचर आदि के समाधान का आश्वासन भी दिया। एसडीएम राजन नाडिया, एसडीओपी महेंद्र गौतम तथा अन्य अतिथियों ने भी अपने उद्बोधनों में शिक्षकों की महत्ता पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के दौरान चैनसिंह किरार ने मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री लालसिंह आर्य एवं विशिष्ट अतिथि राजन नाडिया को स्मृति-चिह्न, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान पीएम श्री कन्या संकुल प्राचार्य धर्मेंद्र भारद्वाज, उत्कृष्ट स्कूल प्राचार्य सचेंद्र कांकर, पीएम श्री शेरपुर संकुल प्राचार्य संतोष भदौरिया, सीएम राइज उपप्राचार्य धर्मेंद्र सिंह भदौरिया, मॉडल विद्यालय प्राचार्य संजय शर्मा सहित लगभग 180 शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




# रेल मंडल में विशेष साइकिल रैली का हुआ आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 7 सितम्बर।** मंडल खेलकूद संघ, उत्तर मध्य रेलवे, के तत्वावधान में फिट इंडिया मिशन के अंतर्गत 'संडे ऑन साइकिल' पहल को बढ़ावा देने के लिए रविवार को एक विशेष साइकिल रैली का आयोजन किया गया। यह रैली मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय से रेल सुरक्षा बल कार्यालय तक निकाली गई। रैली का उद्देश्य 'फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज' संदेश को जन-जन तक पहुंचाना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि फिटनेस अब केवल एक अभियान नहीं बल्कि एक मिशन है। फिट रहने के लिए रोजाना कम से कम 5000 स्टेप चलना जरूरी है। साइकिलिंग भी एक बेहतरीन व्यायाम है, जो न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक है।

इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक/मंडल खेलकूद अधिकारी नन्दीश शुक्ला, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) पीपी शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुलदीप स्वरूप मिश्रा, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय आशुतोष चौरसिया, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा, वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं टेलीकॉम इंजीनियर नरेंद्र सिंह, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी सतबीर सिंह, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सामान्य अशोक प्रिय गौतम, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त विवेकानंद नारायण तथा वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक जेसंजय कुमार, मंडल खेलकूद सचिव अरविंद कपूर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, मंडल के खिलाड़ी, स्काउट्स एवं गाइड्स, कर्मचारीगण एवं उनके परिजन सम्मिलित हुए।

# 241 करोड़ 33 लाख के निर्माण कार्यों का लोकार्पण

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मऊगंज जिले में 241 करोड़ 33 लाख रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास कर विभिन्न योजनाओं में हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किये और मऊगंज को विकास की अनेक सौगातें देते हुए घोषणाएं भी की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कन्यापूजन कर मऊगंज के संयुक्त जिला कार्यालय भवन का शिलान्यास भी किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मऊगंज जिले और देवतालाब विधानसभा क्षेत्र को अनेक सौगातें दीं. मुख्यमंत्री ने देवतालाब शिव मंदिर में शिवलोक के निर्माण और नईगढ़ी एवं देवतालाब में तहसील भवन निर्माण की घोषणा की. मुख्यमंत्री ने कहा कि देवतालाब के अस्पताल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन किया जायेगा. देवतालाब के शासकीय महाविद्यालय में ऑडिटोरियम और अतिरिक्त कक्षों का निर्माण किया जाएगा. अनुसूचित जाति और जनजाति विद्यार्थियों के लिए दो छात्रावास भवन बनाए जाएंगे. बहुती जल प्रपात को पर्यटन विकास निगम के माध्यम से विकसित किया जायेगा. अष्टभुजी माता मंदिर में सौंदर्यीकरण और जनजाति अंचल में टीपा बदोर से गढ़वा रोड तक 11 किलोमीटर की सड़क बनाई जाएगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में बनारस से आये लोक कलाकारों द्वारा दी गई सांगीतिक प्रस्तुति की सराहना की और लोक कलाकारों को 25 हजार रुपए प्रदान करने की घोषणा की. लोक नृत्य प्रस्तुत करने वाले दल के प्रत्येक सदस्य को 5-5 हजार रूपए और स्वागत गीत गाने वाली लोक गायिका राखी द्विवेदी को 50 हजार रूपए देने की घोषणा की. उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश ने 2 साल से कम समय में जो विकास किया है वह ऐतिहासिक है. उन्होंने विकास योजनाओं के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी. आज मऊगंज को 241 करोड़ रुपए की सौगात मिली है.

क्षेत्र में सड़क, नहर और माइक्रो इरिगेशन परियोजना से विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है. मुख्यमंत्री ने हनुमना उद्वहन सिंचाई परियोजना के लिए 6 हजार करोड़ रुपए मंजूर किए हैं. इससे मऊगंज जिले के हर खेत में पानी पहुंचेगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रीवा में इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव और पर्यटन कान्क्लेव का आयोजन कर पूरे विंध्य में विकास के नए द्वार खोले हैं.

# मुख्यमंत्री ने की देवतालाब शिव मंदिर में भगवान शिव की पूजा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को मऊगंज जिले के देवतालाब शिव मंदिर में भगवान शिव के दर्शन कर पूजा-अर्चना की. उन्होंने भगवान आशुतोष का रुद्राभिषेक कर प्रदेश की निरंतर प्रगति और जनकल्याण की कामना की।मुख्यमंत्री ने शिवकुंड का भी अवलोकन किया और इसके सौंदर्यीकरण की बात कही. इस दौरान मंदिर परिसर में अंतर्राष्ट्रीय कलाकार बांकेलाल के शहनाई वादन की उन्होंने मुक्त कंठ से प्रशंसा की.

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, विधायक देवतालाब गिरीश गौतम, विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह, विधायक त्योंथर सिद्धार्थ तिवारी सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

**देवतालाब शिव मंदिर का ऐतिहासिक महत्व :** विंध्य क्षेत्र की धार्मिक धरा में देवतालाब शिव मंदिर का विशेष स्थान है. मान्यता है कि भगवान विश्वकर्मा ने केवल एक ही रात में एक विशाल पत्थर से इस मंदिर का निर्माण किया था.

# एक भी मुसलमान या बांग्लादेशी का नाम नहीं कटा : दिग्विजय

**खरगोन, 07 सितंबर.** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने कहा है कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआर) लागू होने के बाद से अब तक एक भी रोहिंग्या मुसलमान या बांग्लादेशी चिन्हित नहीं हुआ है. केवल बयानबाजी कर जनता को गुमराह किया जा रहा है.

शनिवार रात खरगोन में पत्रकारों से चर्चा के दौरान दिग्विजय सिंह ने सवाल उठाया कि जो पहले से मतदाता हैं, उन्हें दोबारा फॉर्म क्यों भरवाया जा रहा है. यदि वास्तव में देश में रोहिंग्या या बांग्लादेशी मौजूद हैं तो सरकार बताये कि किस गांव के किस मतदान केंद्र पर एक भी ऐसा नाम चिन्हित हुआ है. उन्होंने कहा, क्या किसी बांग्लादेशी, रोहिंग्या मुसलमान या नेपाली का नाम मतदाता सूची से काटा गया है? यदि हां, तो बताएं.

उन्होंने अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य पर टिप्पणी करते हुए कहा कि ट्रंप सरकार द्वारा बढ़ाए गए टैरिफ से रेडीमेड गारमेंट, कारपेट और लेबर इंटेंसिव उद्योगों को बड़ा नुकसान हुआ है और लाखों करोड़ रुपये की क्षति की आशंका है. भारत सरकार को या तो अमेरिका पर समान टैरिफ लगाना चाहिए था या चीन, रूस, यूरोपीय देशों, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के साथ व्यापारिक विकल्प तलाशने चाहिए थे.

दिग्विजय सिंह ने कहा कि एक ओर राष्ट्रपति ट्रंप प्रधानमंत्री मोदी को अपना दोस्त बताते हैं, तो दूसरी ओर पाकिस्तान के आर्मी चीफ को प्रोटोकॉल तोड़कर विशेष अतिथि के रूप में सम्मानित करते हैं. यह भारत के लिए चिंता का विषय है. साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी चीन में आतंकवाद की बात करते हैं, जबकि चीन के समर्थन से पाकिस्तान को यूरोपीय संघ की आतंकवाद विरोधी कमेटी का उपाध्यक्ष बना दिया गया.